


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 222 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 29 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया







# मौसम:बीपी-हार्ट के मरीजों को तनाव

## सुस्ती, आंखों में धुंधलापन और कमजोरी की शिकायतें बढ़ी

**मंदसौर, 28 मई गुरुएक्सप्रेस।** नौतपा में उमस भरी गर्मी स्वास्थ्य को तनाव दे रही है। विशेषकर हार्ट और बीपी के मरीजों की समस्या बढ़ रही है। शरीर में सुस्ती, आंखों में धुंधलापन, चक्कर आना, कमजोरी जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। बड़े अस्पताल से लेकर शहर के अन्य निजी अस्पताल और क्लीनिक में ऐसे रोगियों की संख्या बढ़ी है। कई केस में तो हमेशा हाई बीपी रहने वाले मरीजों का बीपी लो हो रहा है। ऐसे मरीजों को ठीक होने में एक से दो सप्ताह तक समय लग रहा है। चिकित्सक हृदय रोग व हाइपरटेंशन की बीमारी से पीड़ित मरीजों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। उन्हें तेज धूप में लगातार नहीं रहने और पर्याप्त पानी, फलों का जूस पीने की सलाह दी जा रही है।

### केस 1: अचानक लो हो गया बीपी...

आंखों के आगे लगातार धुंधलापन, सिर चकराने और अत्यधिक कमजोरी महसूस होने पर 36 वर्षीय युवक ने चिकित्सक से जांच कराई तो पता लगा कि उसे लो बीपी के कारण ये समस्या हो रही है। जबकि, युवक को हाई बीपी की समस्या है, जिसकी वह नियमित दवा लेता है।

### केस 2: तेज सिर दर्द के साथ शरीर में सुस्ती...

45 वर्षीय युवक ने शरीर में लगातार सुस्ती महसूस होने और सिर में लगातार दर्द के बाद जांच कराई तो पता लगा कि बीपी लो होने के कारण उसे समस्या हो रही है। चिकित्सक ने लगातार धूप में रहने और थकान के साथ ही डिहाइड्रेशन को कारण बताया।



### केस 3: चक्कर खाकर गिरी बुजुर्ग महिला...

हृदय रोग से पीड़ित 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला चक्कर खाकर गिर गई, उसके बाद से अत्यधिक कमजोरी महसूस होने और रात में नींद नहीं आने पर चिकित्सक से जांच कराई तो पता लगा कि बीपी अत्यधिक लो होने के कारण उन्हें ये समस्या हुई।

### बीपी अचानक घटने के ये हैं कारण...

✻ लंबे समय तक धूप में रहने से शरीर में सोडियम क्लोराइड की कमी हो जाती है। ✻ लूड की शरीर में कमी। ✻ रक्त वहनियां फैल जाने से ब्लड पैरों में जमा होने लगता है। ✻ दवाओं का डोज ना बदलना।

### एक्सपर्ट व्यू...

गर्मी में बीपी के उतार-चढ़ाव के तीन मुख्य कारण हैं। इनमें सोडियम क्लोराइड व लूड की कमी और रक्त वहनियां फैल जाना है। अत्यधिक कमजोरी महसूस होने, चक्कर जैसे लक्षणों को नजरंदाज ना करें। डिहाइड्रेशन दूर करने के लिये पर्याप्त ओआरएस, आम का पना, नीबू पानी पिलाएं।

**डॉ योगेंद्र कोठारी, अनुयोग हॉस्पिटल मंदसौर**



# रोहिणी के चौथे दिन अंचल में तेज अंधड़ के साथ बारिश

## कई जगह पानी भरा, पेड गिरे, आवागमन प्रभावित हुआ

**मंदसौर, 28 मई गुरुएक्सप्रेस।** रोहिणी तपने के चौथे दिन मंदसौर में तेज आंधी के साथ जमकर बारिश हुई, जिससे मंदसौर शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। वहीं हाईवे समेत ग्रामीण अंचल में कई जगहों पर पेड़ भी गिर गए। जिससे आवागमन बाधित हुआ। करीब एक घंटे की बारिश के कारण बीते तीन-चार दिन की तेज गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने प्रदेश के 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया था। जिसमें मंदसौर भी शामिल था। बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे मौसम बदला और तपन भरी गर्मी के साथ ही आसमान में बादल के साथ तेज हवाए चलने लगी, थोडी ही देर में जमकर बारिश होने लगी। करीब एक घंटे से भी अधिक समय तक अच्छी बारिश होती रही। जिससे मौसम में पूरी तरह से ठंडक घुल गई।

मौसम विभाग के अनुसार, राजगढ़, विदिशा, गुना, अशोकनगर, रतलाम, मंदसौर, आगर-मालवा, शाजापुर, भोपाल, रायसेन, सीहोर, देवास, नरसिंहपुर, दमोह, सागर, पांढुर्णा, गुना, अशोकनगर, नीमच, इंदौर, धार, छिंदवाडा, सिवनी, सागर, बालाघाट, नर्मदापुरम, डिंडौरी, मंडला और जबलपुर में मौसम बदल सकता है। इस दौरान 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने की चेतावनी दी गई थी।

मंदसौर में बारिश होने के कारण नयापुरा रोड़ समेत कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। बारिश थमने के आधे घंटे बाद तक यहां पानी भरा हुआ था। बारिश शुरू होते ही बिजली भी गुल हो गई। कई क्षेत्रों मे तो पानी बंद होने के बाद भी बिजली सप्लाय चालु नहीं हो पाया था।

### खजूरी में घरों के चद्दर उडे...

अफजलपुर थाना क्षेत्र में खजुरी आंजना में तेज आधी तूफान के कारण घरों के चद्दर उड़ गए, कई जगह पर पेड गिर गऐ। एक घंटे की मुसलाधार बारिश में किसी तरह की जनहानी की खबर नहीं है। लेकिन, कई घरों के चद्दर उड़ने से नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि इस दौरान कई जगह पर बिजली के खंबे और तार भी टूटकर गिर गए।

नाहरगढ क्षेत्र में भी तेज आंधी और बारिश के कारण बिजली के खंबे क्षतिग्रस्त हुए है जिसके कारण विद्युत सप्लाय बाधित हुआ। बूढा-बादरी के बीच भी कई जगह पर बिजली के पोल गिर गए।

### समूचे अंचल में बारिश...

बुधवार को मंदसौर से लेकर शामगढ, सुवासरा, गरोठ तक बारिश हुई। इस दौरान कई जगह पर बिजली के तार और पोल क्षतिग्रस्त हुए। पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ। हालांकि बारिश के कारण तपन भरी गर्मी से राहत मिली है।














# जिले में सभी दुर्घटना संभावित स्थानों पर संकेतक लगवाएं-चंद्रा

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नीमच, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एसपी श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णपव, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री नितेश कुमार सुले, आर.टी.ओ. श्री नन्दलाल गामड, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, सुश्री किरण आंजना एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सडक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात थाना प्रभारी एवं संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर, दुर्घटना संभावित स्थलों पर लाईटिंग, साईनेज, स्पीड ब्रेकर, संकेतक, लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्य मार्गो, हाईवें पर पहुचं मार्गो पर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर, रम्बसल स्ट्री क लगवाएं और उन पर संकेतक भी लगवाए। कलेक्टर ने सीएमओ नीमच को निर्देश दिए, कि वे नीमच शहर के विभिन्न चौराहों पर ट्राफिक छतरी का निर्माण करवाए तथा शहर के प्रमुख मार्गो पर रोड़ मार्किंग, साईनेज, पार्किंग के लिए रोड़ मार्किंग करवाएं। कलेक्टखर ने आरटीओ को निर्देशित किया कि वे ट्रकों, लोडिंग वाहनों और बडे वाहनों में अच्छी। गुणवत्ता के पर्याप्त रिफ्लेक्टिर लगवाने के लिए वाहन मालिकों को पाबंद कर, रिफ्लेक्टणर लगवाएं। मंडी सचिव नीमच को नीमच मण्डी में आने वाले सभी ट्रेक्टर ट्रालियों पर अच्छीण गुणवत्ताम के रिफ्लेक्टमर लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टंर ने सभी सडक निर्माण विभागों को निर्देश दिए, कि वे मानसून के पूर्व ऐसी पुल, पुलियाएं, रपटें चिन्हित करें, कि जिन पर वर्षा का जल बहाव होता है, वहॉं यातायात प्रतिबंधित करने हेतु बेरियर एवं संकेतक 10 दिवस में लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही एसडीएम को निर्देश दिए, कि जल बहाव वाली पुल, पुलियाओं पर कोटवारों को तैनात करें। बैठक में सुबेदार श्री धर्मेन्द्र सिह सहित महाप्रबंधक एमपीआरडीसी कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महिला को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** महिला के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। फाटक मोहल्ला निवासी सुरेन्द्र कौर पति अवतारसिंह ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बहिन सिम्मी का पति विनय पिता बलराम फरक्या घर पर आया और पारिवारिक बात को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे सिर व हाथ पर चोंट आई। पुलिस ने विनय पर केस दर्ज किया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** कार की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। गांव सिंदपन में सामरामाता मंदिर के सामने बाइक से जा रहे बडोद (नाहरगढ़) निवासी विक्रम पिता घनश्याम डांगी व बोयडा (चित्तोड़गढ़) निवासी पुष्कर पिता अम्बालाल डांगी को नापाखेड़ा की ओर से आ रही कार (एमपी 14 एनई 8502) ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों मूह व सिर पर चोंटे आई। दोनों को मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। नापाखेड़ा निवासी बापूलाल डांगी की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया।

# उज्जैन महाकुंभ के लिए क्षिप्रा किनारे होगा घाटों का निर्माण, 31 मई को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे भूमिपूजन

**उज्जैन, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के भव्य आयोजन के बाद अब उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों शुरू हो गई हैं। इसी कडी में मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी के सुंदरीकरण और संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को वर्चुअली 29.21 किलोमीटर लंबे घाट निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। यह कार्यक्रम पीएम मोदी के भोपाल प्रवास के दौरान होगा। इस अवसर पर शिप्रा तट के अंगारेश्वर मंदिर परिसर में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है, इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

**निर्माण कार्य पर आएगा ?863 करोड़ से ज्यादा का खर्च**–नमामि क्षिप्रा परियोजना के तहत बनने वाले इन घाटों की कुल चौड़ाई 15.6 मीटर होगी। कार्यपालन मंत्री योगेश बिरला के अनुसार, यह निर्माण कार्य वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ से पहले पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना की कुल लागत 863.69 करोड़ रुपये है। 778.91 करोड़ रुपये घाट निर्माण पर और 83.39 करोड़ रुपये बैराज, स्टापडैम और वेंटेड काजवे के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। इंदौर की फलोदी कंस्ट्रक्शन कंपनी को इसका ठेका दिया गया है। घाट निर्माण के साथ-साथ जल प्रवाह नियंत्रित करने वाले स्टापडैम की लंबाई 70 से 110 मीटर, चौड़ाई 4 मीटर और उंचाई 3 मीटर तय की गई है। कालियादेह स्टापडैम की मरम्मत भी 1.39 करोड़ रुपये की लागत से की जाएगी। इससे न केवल धार्मिक आस्था से जुडे इस तीर्थ की गरिमा बढ़ेगी, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित और सुरक्षित घाट भी उपलब्ध होंगे।

**भव्य सिंहस्थ की रखी जा रही है आधारशिला**–उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि यह केवल घाट निर्माण नहीं है, बल्कि एक समग्र धार्मिक, पर्यावरणीय और शहरी संरचना का विकास है। सिंहस्थ 2028 में लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और भीड प्रबंधन के लिहाज से यह एक मजबूत आधार तैयार करेगा। श्रद्धालुओं के लिए घाटों पर पीने का पानी, वस्त्र बदलने के कक्ष, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, नाव विहार जैसी सुविधाएं होंगी। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, रेलिंग, वैदिक वृक्ष और प्रशिक्षित आपदा प्रबंधन स्टाफ तैनात किया जाएगा।

**इन स्थानों पर होगा निर्माण कार्य**–घाट निर्माण: गोठड़ा से शनि मंदिर तक और वीआईपी घाट से जीवनखेड़ी ब्रिज तक। बैराज/स्टापडैम: गोठडा, पिपलियाराघौ, रामवासा, वीरदुर्गादास छत्री क्षेत्र।

वेटेड काजवे: आत्मिलंगेश्वर मंदिर, जमालपुरा, भतृर्हरि गुफा, नागदा बायपास, चक्रतीर्थ घाट। तालाब विकास: उंडासा और जस्ताखेड़ी गांव।

**क्षिप्रा किनारे वर्तमान में हैं 37 घाट**– क्षिप्रा के शहरी किनारे पर वर्तमान में 37 घाट हैं जिनमें से त्रिवेणी, रामघाट, कालभैरव घाट आदि के अपने ऐतिहासिक महत्व हैं। 2016 सिंहस्थ से पूर्व इन घाटों की मरम्मत और विस्तार पर 159 करोड़ रुपये खर्च हुए थे, तब 5 किलोमीटर लंबाई के नए घाट बनाए गए थे। इस बार का निर्माण कार्य उससे छह गुना बड़ा और अधिक व्यापक है।

# महिलाओं को पढ़ाया जागरूकता का पाठ



**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज मंदसौर के प्रसूति विभाग के चिकित्सकों डॉ करुणा मेरावी, डॉ दीपिका अनुरागी, डॉ प्रिया बघेल, डॉ नैकी मैम (शिशु विभाग )प्रियंका शर्मा काउंसलर (उमंग क्लिनिक) प्रीति सूर्यवंशी मानगढ़. कलावती चौहान इंचार्ज द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता और रजोनिवृत्ति के बाद की महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कार्तिक धारवे सर (प्रोफेसर फार्माकोलॉजी विभाग), डॉ सुनील गुलेरी सर (प्रोफेसर पीएसएम विभाग), डॉ सौरभ मंडवारिया सर वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट (कार्यवाहक सिविल सर्जन), डॉ सतीश गौर कार्यवाहक सीएमएचओ। जिला अस्पताल के नए एमसीएच विंग में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां डॉ प्रिया बघेल (सहायक प्रोफेसर) ने मासिक धर्म स्वच्छता और मासिक धर्म से जुडी आम समस्याओं पर बात की, इसके बाद डॉ दीपिका अनुरागी (सहायक प्रोफेसर) ने बताया कि लडकियों और महिलाओं में अत्यधिक रक्तस्राव असामान्य है और स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास तुरंत संपर्क और जल्द से जल्द इलाज की आवश्यकता है, डॉ करुणा मेरावी (सहायक प्रोफेसर) ने महिलाओं को पेरिमेनोपॉज़ल लक्षणों के बारे में जागरूकता के बारे में निर्देशित किया बाल रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि युवा लडकियों में मासिक धर्म में देरी या समय से पहले आना एक समस्या हो सकती है और इसके लिए अस्पताल में जल्दी पहुंचना आवश्यक है... कार्यक्रम का समापन डॉ. रणसिंह तंवर (सहायक प्रोफेसर त्वचा विज्ञान विभाग) ने स्थानीय भाषा में कार्यक्रम का सारांश प्रस्तुत करके किया, जिससे उपस्थित सभी महिलाओं को मासिक धर्म चक्र और इसके बारे में सबसे आसान तरीके से समझने में मदद मिली और डॉक्टर और मरीजों तथा उनके तीमारदारों के बीच एक पुल का निर्माण हुआ, जिससे वे दैनिक जीवन में मासिक धर्म स्वच्छता का पालन कर सकें। डॉ. मीना वर्मा (जिला अस्पताल) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# मजदूर कल्याण समिति ने वीर सावरकर जयंती मनाई



**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** मजदूर कल्याण समिति जिला मंदसौर द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व हिंदुत्व विचारक वीर विनायक दामोदर सावरकर की 142वीं जन्म जयंती वीर सावरकर पुलिया मंदसौर पर मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, स्वच्छता सभापति दीपमाला मकवाना, पार्षद कमलेश सिसोदिया, भावना पमनानी, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत. दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, सांसद प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, भाजपा नेता रामेश्वर मकवाना, मजदूर कल्याण समिति प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह परिहार द्वारा वीर सावरकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों ने उनके जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर सावरकर न केवल एक क्रांतिकारी थे, बल्कि एक महान चिंतक, लेखक और राष्ट्रभक्त भी थे। उन्होंने युवाओं से सावरकर के विचारों को आत्मसात करने और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस तरह के आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य करते है। युवा वीर सावरकर के विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने कहा, वीर सावरकर का जीवन हमें देशभक्ति, आत्मबल और विचारों की स्वतंत्रता का संदेश देता है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहिए। इस अवसर पर मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धनलाल हाडा, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा चौहान, प्रदेश महामंत्री रेणुका रामावत, जिलाध्यक्ष मंदसौर सुनील सिखवाल, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा मनीष टेलर, प्रदेश प्रभारी युवा मोर्चा गर्वित द्विवेदी, प्रदेश मंत्री अजय जटिया, सागर परिहार, हंसा बोराणा, प्रदेश संगठन मंत्री रमेश अहिरवार. प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन चौहान, सह मीडिया प्रभारी दीपक भारती, प्रदेश मंत्री लक्ष्मी नारायण खींची, लक्ष्मण गुर्जर, जिला अध्यक्ष उज्जैन शुभम राठौड़, जिला अध्यक्ष रतलाम सतीश जाट, प्रदेश मंत्री कालूराम सूर्यवंशी, पिंटू खारोल सहित समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# विधि महाविद्यालय मंदसौर में महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर 28 कई को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन एवं उनके शौर्य को प्रकाशित कर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि एवं न्यास सचिव श्री रघुवीर सिंह चुंडावत द्वारा काव्य पंक्तियों के माध्यम से महाराणा प्रताप की वीरता एवं साहस को प्रकट किया गया न्यासी व वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दशरथ सिंह झाला द्वारा महाराणा प्रताप की विरासत, विश्लेषण, व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रकाशित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार पाटीदार द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम विद्यार्थी श्री ईशान कौशिक एवं द्वितीय पद्म माहेश्वरी रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रवीण कुमार चौधरी द्वारा किया गया। तथा प्रो. ईश्वर प्रजापति द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## हितग्राहियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में पूरक पोषण आहार प्रदाय करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टंर द्वारा बताया गया कि हितग्राहियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में पूरक पोषण आहार प्रदाय करें। ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि 01 जून से 15 जून 2025 में नाश्ता एवं गर्म पका भोजन के स्थान पर पात्रता अनुसार हितग्राहियों को रेडी टू ईट खाद्य पदार्थ प्रदाय किया जाना है। 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चो एवं 06 माह से 05 वर्ष के अतिगंभीर कुपोषित बच्चो को 12 दिवस हेतु तथा गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओ एवं 06 माह से 06 वर्ष तक के बच्चो को 02 दिवस (मंगल दिवस) के लिए रेडी टूईट भोज्य पदार्थ के रूप में गेहें मूंगदाल मिक्स दलिया चूरा प्रदाय करें।

# महावीर व्यायाम शाला में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** केशव नगर स्थित महावीर व्यायाम शाला में निशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है दिनांक 25 मई से दिनांक 4 जून तक महावीर व्यायाम शाला में विविध गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है जिसमें योग्य शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए गई गतिविधियों की जा रही है महावीर व्यायाम शाला के द्वारा प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक तरण ताल परिसर दवा बाजार रोड पर तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें 12 से 16 वर्ष तक के बच्चे सहभागिता कर सकते हैं प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर में योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें 16 वर्ष की आयु से उम्र के सभी महानुभाव व माता बहने शामिल हो सकते हैं शाम 5 से 6 बजे तक संजय गांधी उद्यान रोड पर पाटीदार डेंटल क्लिनिक परिसर में 12 से 16 वर्ष तक की आयु के बच्चों को शूटिंग राइफल से गोली दागना व निशाना लगाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है 18 वर्ष से उम्र के महानुभावों के लिए प्रातः 10 से 11:00 तक तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो भी महानुभाव व विद्यार्थी प्रशिक्षण लेने के लिए इच्छुक है वह महावीर व्यायाम शाला पर संपर्क करें

# नपा द्वारा बड़े नालों की सफाई

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के पूर्व बडे नालों की सफाई का कार्य किया जा रहा है नगर पालिका परिषद द्वारा पोकलेन मशीन जेसीबी मशीन एवं विभिन्न साधनों के द्वारा बडे नालों की सफाई की जा रही है बुधवार एवं मंगलवार को नगरपालिका के अमले के द्वारा जनता कॉलोनी के पीछे स्थित बडे नाले की सफाई की गई श्री कोल्ड चौराहे से लेकर मित्र वत्सला भवन तक जो बड़ा नाला है उसकी सफाई की गई नगर पालिका के द्वारा बंडी जी के बाग से लेकर केशव नगर चौराहे तक एवं इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर तक भी नाले की सफाई नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा की गई तथा यहां निकाले गयेमलवा को ट्रैचिंग ग्राउंड पर भिजवाया गया नगर पालिका के द्वारा धान मंडी पंप हाउस के पास स्थित बड़े नाले की सफाई का कार्य भी किया जा रहा है मदारपुरा नसीब कॉलोनी से लेकर राजा गुलाब गेट के नीचे तक बडे नाले की सफाई पोकलेन मशीन से की जा रही है नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व सभापति श्रीमती दीपमाला मकवाना के निर्देश पर बडे नालों की सफाई का कार्य जहां आवश्यक है वहां किया जा रहा है ताकि वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या के कारण नागरिकों को परेशानी नहीं हो



# अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर महिलाओं के लिए हुए विशेष कार्यक्रम

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री बी एल बिश्नोई के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नूतन हाई स्कूल मंदसौर में किया गया। कार्यक्रम में महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में उड़ान संस्था की ओर से श्रीमती संगीता कुंभकार ने माहवारी स्वच्छता एवं उसके प्रबंधन के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट आफ मदर एंड चाइल्ड के जिला संयोजक श्री सोनिक मिश्रा द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों के साथ परिचर्चा की गई, साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह एवं उसके दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए सहायक संचालक श्री पीसी चौहान द्वारा बाल विवाह न करने एवं ना होने देने हेतु अपील की गई। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मंदसौर श्री उमराव सिंह जैन द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री बी आर मुजाल्दे पर्यवेक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





# हनुमान चालीसा का पाठ सम्पन्न

**मनासा, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** सनातन सत्संग मंडल, मनासा व्दारा आयोजित 36वां श्री हनुमान चालीसा पाठ श्रीकृष्ण धेनुका मंदिर (चन्द्रवंशी ग्वाला समाज)पर सम्पन्न हुआ, जिसमें बडी संख्या में श्रृद्धालुओ ने हनुमान चालीसा के पाठ में भाग लिया। इस अवसर पर गवली ग्वाला समाज के वरिष्ठ लालाराम, सुन्दरलाल, कैलाश रियार, गोपाल, मदनलाल,रामदेव सतोकिया तेजराज, घीसालाल गूंजेला, मंगल हांस आदि समाजजनों ने हनुमान जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सत्संग का प्रारंभ किया। राजकुमार मारू,निरंजन पाराशर, देवीलाल कुमावत, अनिल लढ्ढा, कमल विजयवर्गीय, गोपाल राठौर आदि ने सुन्दर भजनो की प्रस्तुति दी। सनातन सत्संग मण्डल व्दारा कार्यक्रम आयोजन के लिए गवली समाज के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सत्संग की अगली कड़ी में 38वां श्रीहनुमान चालीसा पाठ दिनांक 03जून मंगलवार को श्रीतहसीलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय प्रांगण मनासा पर अभिभाषक साथियो के सहयोग से सम्पन्न होगा।

## संत और सैनिक की समानता..

# दोनों के कर्म मार्ग भिन्न दिखते हैं, परंतु उद्देश्य एक ही है लोक कल्याण और रक्षण

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारतवर्ष संतों और सैनिकों की पुण्यभूमि है। एक ओर जहाँ संत अपने जीवन को त्याग, तपस्या और भक्ति में समर्पित करते हैं, वहीं सैनिक राष्ट्र की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटते।



इन दोनों के कर्म मार्ग भिन्न दिखते हैं, परंतु उद्देश्य एक ही है लोक कल्याण और रक्षण।

**संत आत्मा के रक्षक**–संत वह होते हैं जो मोह-माया, लोभ, क्रोध, और अहंकार से उपर उठकर प्रभु भक्ति में लीन रहते हैं। वे समाज को नैतिकता, अध्यात्म और प्रेम का मार्ग दिखाते हैं। उनकी तपस्या, साधना और उपदेशों से समाज में चेतना आती है। संतों का जीवन शांत, संयमित और सेवा-भाव से युक्त होता है। वे हिंसा से दूर रहकर भी अज्ञान, पाप और अन्याय के विरुद्ध अपनी साधना के बल से युद्ध करते हैं।

**सैनिक मातृभूमि के रक्षक**–सैनिक संत नहीं होते, परंतु वे त्याग और तपस्या में किसी संत से कम नहीं होते। वे भी घर-परिवार का मोह छोड़कर राष्ट्र की सेवा में दिन-रात तत्पर रहते हैं। सर्दी, गर्मी, वर्षा और आंधियों की परवाह किए बिना वे सीमा पर डटे रहते हैं। उनका जीवन अनुशासन, बलिदान और कर्तव्य की मिसाल होता है। जब देश पर संकट आता है, तो वे किसी संन्यासी की तरह अपने प्राण न्यौछावर कर देते हैं, ताकि देशवासी सुरक्षित रह सकें।

**तपस्या में समानता**–संत की तपस्या आत्मकल्याण और लोक कल्याण के लिए होती है, वहीं सैनिक की तपस्या राष्ट्र कल्याण के लिए। एक ध्यान में बैठकर ब्रह्म से एकाकार होता है, दूसरा रणभूमि में खड़ा होकर अपने हौसले से शत्रु को परास्त करता है। दोनों ही जीवन में अनुशासन, संयम, और सेवा को सर्वोच्च मानते हैं।

**धर्मयुद्ध के योद्धा**–जब अधर्म बढ़ता है, तो संत ज्ञान का शस्त्र उठाते हैं और सैनिक अस्त्र-शस्त्र। हाल ही में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारे सैनिकों ने अपने पराक्रम से दुष्टों के अभेद दुर्ग को ध्वस्त किया। यह कोई साधारण सैन्य कार्यवाही नहीं थी यह एक धर्मयुद्ध था। हमारे सैनिकों ने यह सिद्ध कर दिया कि जैसे संत अपने तप से राक्षसों को हराते हैं, वैसे ही सैनिक भी अपने शौर्य से अत्याचारियों का विनाश करते हैं।

**राष्ट्र की संतान**–संत और सैनिक दोनों राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। एक राष्ट्र की आत्मा को सुरक्षित रखता है, दूसरा शरीर को। दोनों ही हमें यह सिखाते हैं कि जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य स्वयं से उपर उठकर समाज और देश के लिए जीना है।

**अंत में**–संत और सैनिक में भले ही बाह्य रूप से भिन्नता हो, परंतु उनका अंतर्मन एक जैसा होता है — सेवा, त्याग, और राष्ट्रप्रेम। भारत माता के इन दोनों पुत्रों को कोटि-कोटि नमन है। इनके चरणों में समर्पण ही सच्चा धर्म है। वर्दीधारी संतों की वीरता और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है कि हम भी अपने जीवन में कर्तव्यनिष्ठा, साहस और सेवा का मार्ग अपनाएं।

**हरीश कुमार राठौर, भूतपूर्व सैनिक**

# बीके समिता दीदी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर कल

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर की आध्यात्मिक चेतना को नई ऊंचाइयां प्रदान करने वाली राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी समिता दीदी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर स्थानीय सेवा केंद्र आत्म कल्याण भवन मंदसौर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।**

यह जानकारी देते हुए आत्म कल्याण भवन की संचालिका बीके उषा ने बताया कि राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी समिता दीदी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में कल 30 मई 2025 शुक्रवार को चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर प्रातः 10 बजे से आत्म कल्याण भवन तलेरा विहार कॉलोनी मंदसौर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा ।जिसमें बड़ी संख्या में भाई-बहन अपना रक्त जरूरतमंदों के लिए दान करेंगे ब्रह्मकुमारी बहनों ने शहर के गणमान्यजनों से भी अनुरोध किया है कि वह इस रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान का पुनीत संकल्प ले क्योंकि रक्तदान किसी का जीवन बचाने वाली सेवा है इसलिए समय-समय पर हर व्यक्ति को अपना रक्त दान करना चाहिए।

## श्री पारब्रह्म देव छड़ी का मेला एवं प्रसाद वितरण 31 को

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्री पारब्रह्म देव छड़ी का मेला एवं प्रसाद वितरण 31 मई शनिवार को अन्नपूर्णा भवन अन्नक्षेत्र मदारपुरा फाटक पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सिन्धी समाज की माताओं एवं बहनों के द्वारा भक्ति संगीत प्रस्तुत किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए पं. वासुदेव शर्मा एवं मनोज शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 31 मई शनिवार को प्रातः 10 बजे निवास स्थान जनकूपुरा मदारपुरा फाटक स्थित देव स्थान पर ध्वजारोहण एवं 11 बजे हवन होगा। शाम को 5 बजे अन्नपूर्णा भवन पर महिला संगीत तथा शाम को 7 बजे महाआरती होगी तत्पश्चात् प्रसादी वितरण होगा। मेला आयोजक पं. मनोज वासुदेव शर्मा ने सभी धर्मप्रेमी माताओं और बहनों से सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होकर भक्ति संगीत महाआरती एवं प्रसादी वितरण का लाभ लेने की अपील की है।

# मनासा विधायक मारू ने ली विद्युत एवं लोक निर्माण अधिकारियों की बैठक



**नीमच, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री अनिरुद्ध मारू ने बुधवार को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण एवं मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। एसडीएम श्री पवन बारिया ने बताया कि, इस बैठक में विधायक श्री मारू ने हाल ही में क्षेत्र में आए आंधी-तूफान के कारण हुए नुकसान और उसकी वजह से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हुई समस्याओं की समीक्षा की। अचलपुरा के पीड़ितों को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

विधायक श्री मारू ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंधी-तूफान के चलते क्षेत्र में गिरे पोल, टूटे तार एवं बाधित विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। उन्होंने कहा कि शहर एवं ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।बैठक में क्षेत्रीय स्तर पर लोगों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु क्लस्टर वाइस हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। जिन पर शहरी एवं ग्रामीणजन संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं अथवा समाधान प्राप्त कर सकते हैं। म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लिमि.,मनासा संभाग द्वारा उपभोक्ता सेवा को सुगम बनाने की दृष्टि से, विद्युत प्रदाय सुचारू रूप से करने एवं विद्युत प्रदाय संबंधी शिकायत निवारण हेतु मनासा संभाग के प्रत्येक वितरण केंद्र पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं जिनके दूरभाष नंबर एवं दूरभाष निम्नानुसार है। इन दूरभाष नंबर पर संपर्क कर वितरण केंद्र से संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं- रामपुरा वितरण केंद्र:-दूरभाष नंबर 9425145979 (33/11 केवी उपकेंद्र रामपुरा), 8989984196 कुकड़ेश्वर वितरण केंद्र:-दूरभाष नंबर 07421-231226 (33/11 केवी उपकेंद्र कुकड़ेश्वर), 8989984261, बरलाई वितरण केंद्र:-दूरभाष नंबर 8871627314 (श्री प्रभात मोघे, सहायक यंत्री), 8871627214,. मनासा शहर वितरण केंद्र:- दूरभाष नंबर 07421-242040 (33/11 केवी उपकेंद्र मनासा) एवं 8989984192 (श्री डी.के. मालवीय, सहायक यंत्री), मनासा ग्रामीण वितरण केंद्र:-दूरभाष नंबर 07421-242040 (33/11 केवी उपकेंद्र मनासा) एवं 989984185 (श्री अमित चौरसिया, सहायक यंत्री),. भाटखेड़ी वितरण केंद्र:-दूरभाष नंबर 8770955109 (33/11 केवी उपकेंद्र भाटखेड़ी), 8989991364, कंजार्डा वितरण केंद्र:-दूरभाष नंबर 8269252862 (33/11 केवी उपकेंद्र कंजार्डा) 8989991364 आंतरी वितरण केंद्र:- दूरभाष नंबर 8989984185 (श्री अमित चौरसिया, सहायक यंत्री),.महागढ़ वितरण केंद्र:- दूरभाष नंबर 8989984192 (श्री डी.के. मालवीय, सहायक यंत्री) से दूरभाष पर विद्युत समस्यातओं की जानकारी दी जा सकती है।

# पटवारी से विधायक डंग ने किसान को रिश्वत के पैसे वापस दिलवाएं

**सुवासरा, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में बुधवार को राजस्व विभाग के पटवारी के द्वारा ली गई रिश्वत का मामला चर्चा में रहा। ग्राम पंचायत किशोरपुरा के किसान रमेश पिता प्यार जी माली ने अपनी जमीन के सीमांकन के लिए तहसील में एक आवेदन दिया था। इसके बाद तहसीलदार ने हल्का पटवारी दीपक व्यास को उक्त किसान की जमीन की सीमांकन के लिए निर्देशित किया था। पटवारी दीपक व्यास ने किसान रमेश माली से सीमांकन के बदले में पहले एक लाख रुपए की डिमांड की थी जिस पर किसान ने पैसे लेने का कारण पूछा तो पटवारी ने नक्शे में गड़बड़ी होने का हवाला दिया। और उसे दुरुस्त करने के लिए कहा। इसके बाद किसान ने पटवारी से बातचीत कर इतनी रकम देने में असमर्थता जताई। बाद में सीमांकन के लिए पटवारी से 40000 में सौदा तय हुआ। 15 दिन पहले किसान ने पटवारी दीपक व्यास को नक्शा दुरुस्त कर सीमांकन करने के लिए तय सौदे के हिसाब से 40 हजार रुपए की रकम दी। जिसके बाद चार दिन पहले पटवारी ने मौके पर पहुंचकर उक्त जमीन का सीमांकन किया और मौखिक रूप से किसान को बताया कि पास वाले खेत में 25 फीट जगह भी आपकी है। और पटवारी ने उसे चिन्हित कर किसान को अपने कब्जे में लेने के लिए कह दिया। बुधवार को किसान रमेश माली ने तहसील कार्यालय में आवेदन लगाकर जब सीमांकन रिपोर्ट प्राप्त की। तो उसमें पटवारी द्वारा केवल सीमांकन किया गया है इसके अलावा कुछ भी नहीं दर्शाया गया। परेशान किसान ने वापस पटवारी से संपर्क किया। लेकिन पटवारी किसान को कोई भी संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। नाराज किसान अपने परिवार और ग्रामीणों के साथ दोपहर में विधायक हरदीप सिंह डंग के कार्यालय पर पहुंचा। किसान ने विधायक को पटवारी द्वारा सीमांकन नही करने और इस काम के लिए रिश्वत के रूप में रुपयों की जानकारी दी और पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद विधायक हरदीप सिंह डंग ने पटवारी दीपक व्यास को कार्यालय पर बुलाया। विधायक ने पहले तो पटवारी को तल्ख लहजे में डांट लगाई और किसान से लिए रुपए वापस दिलवाएं। और पटवारी को समझाइश भी दी की गरीब किसानों की सहायता करें ना कि उनसे रुपयों की वसूली कर उन्हें परेशान करें।

इस दौरान विधायक ने पटवारी के खिलाफ कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी को भी अपने कार्यालय बुलाया। जिसके बाद थाना प्रभारी पटवारी को अपने साथ पैदल थाने ले गए। लेकिन कुछ देर बाद पटवारी को बिना कार्यवाही के छोड़ दिया। पटवारी दीपक व्यास से जब इस घटनाक्रम के बारे में पूछा तो उसने कहा कि ऐसी कोई बात नही है। सब ठीक है। वहीं तहसीलदार मोहित सिनम ने बताया कि अभी कोई शिकायत नही आई है। हमे भी सोशल मीडिया से घटनाक्रम की जानकारी मिली है। विभागीय स्तर पर स्वत: संज्ञान लेकर आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल पटवारी को संबंधित हल्के से हटाकर कार्यालय अटेच किया जाएगा। थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने पटवारी के खिलाफ अभी तक कोई आवेदन नही आने की बात कही। विधायक डंग के गृह नगर में राजस्व कर्मचारियों की खुली लूट चल रही है। विधायक ने किसान के रुपये तो दिलवा दिए। पर पटवारी के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नही करवा पाए



## तेज आंधी के साथ बरसात से नुकसान, मंडी में किसानों की लहसून हुई खराब

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को अंचल में तेज आंधी के साथ हुई बरसात से काफी नुकसान हुआ। कई जगह लोहे के शेड उड़गए, वहीं पेड़ धराशाही होगए, विद्युत पोल भी झुक गए। शाम 5 से 7 बजे तक बरसात जारी रही। इधर बरसात से कृषि उपज मंडी में किसानों को काफी नुकसान हुआ। किसान शेड में व्यापारियों की उपज होने से खुले में ढेर लगाने को मजबूर किसानों की लहसुन बारिश से गीली हो गई। कई किसान बरसते पानी में उपज के बचाव का प्रयास करते दिखे। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से किसान शेड पर व्यापारियों का कब्जा होने से किसानों को उपज के ढेर जमीन पर ही लगाना पड़ते है, ऐसी स्थिति में बरसात में अक्सर किसानों की उपज खराब हो जाती है। इधर नई कृषि उपज मंडी गुड़भेली के निकट बन रही, लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से यहां नई मंडी बनाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है। पूर्व उपाध्याय कमलेश पटेल का कहना है कि 2016 में नई मंडी बनाने का प्रस्तावित हो गया था, लेकिन अभी तक कार्य पूरा नही हुआ। किसानों को परेशान होना पड़ रहा है।

## दूसरे दिन भी चली अतिक्रमण हटाओ मुहिम

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ मुहिम चली। गांधी चौराहा क्षेत्र में चली मुहिम में नाले पर किया गया अतिक्रमण हटाया। वहीं नाले पर शेड से बाहर भी लगाए तिरपाल को हटाया गया। रेलवे फाटक से गांधी चौराहे तक दोनों ओर डिवाइडर पर रखकर किया गया अतिक्रमण हटवाया। मुहिम में इंजीनियर राजेश उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक सुनील साहू के अलावा नगर परिषद् कर्मी शामिल रहे। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव सहित पुलिस अमला भी तैनात रहा।

## शराब पीकर पीटा, 2 भाईयों पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में गालियां देने व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो भाईयों पर केस दर्ज किया। मनासाखुर्द निवासी सुन्दरदास पिता विष्णुदास बैरागी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि सुभाष व राहुल पिता बगदीराम प्रजापति शराब पीकर घर के बाहर गालियां दे रहे थे। मना किया तो मारपीट की व धमकी दी कि हमारे खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से मार देंगे। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

## ग्राहक को पीटा

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** किराना सामान लेने गए ग्राहक के साथ दुकानदार पिता-पुत्र ने मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया। पामाखेड़ा निवासी गणेश पिता भारत भाटी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि 9 बजे गांव में भारतसिंह की दुकान पर किराने का सामान लेने गया। वहां पिता की ओर रुपए बकाया होने पर भारतसिंह के बेटे बंटू ने गाली-गलौज की। बाद में पिता-पुत्र ने मिलकर मारपीट शुरु कर दी। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया।

## जानलेवा हमले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** जानलेवा हमले के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसे जेल भेजने के आदेश हुए। जानकारी के मुताबिक 12 जनवरी 2025 को फाटक मोहल्ले में पुराने विवाद को लेकर अवतारसिंह व उनकी पत्नी सुरेन्द्र कौर, पुत्र हर्षदीप पर जानलेवा हमला हुआ था। घायल अवतारसिंह को मंदसौर के बाद अहमदाबाद भर्ती कराया था। मामले में पुलिस ने पहले साधारण धाराओं में केस दर्ज किया था। मेडीकल रिपोर्ट के बाद आरोपियों पर जानलेवा हमले का केस दर्ज हुआ था। मामले में फरार फाटक मोहल्ला निवासी अरुण पिता सुरेश नायक को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने के आदेश हुए।

## शराब पीकर पत्नी को पीटा

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति पर पुलिस ने केस दर्ज किया। काचरिया चन्द्रावत निवासी रेखाबाई बावरी ने पिपलिया चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि शराब के नशे में पति रामप्रसाद ने गाली-गलौज की व मारपीट की। लकड़ी से पीटा, जिससे पैर, पीठ पर चोंटे आई। पुलिस ने पति पर केस दर्ज किया।

## पीडब्लूडी के कार्यपालन यंत्री आदित्य सोनी कार्यमुक्त

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकनिर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के कार्यपालन यंत्री आदित्य सोनी को मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उज्जैन द्वारा बुधवार को कार्यमुक्त कर दिया गया। उनके स्थान पर मंदसौर ईई का अतिरिक्त प्रभार नीमच संभाग के प्रभारी ईई श्री सुलिया को दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मल्हारगढ़ रेल्वे स्टेशन से नारायणगढ़ मार्ग लंबाई 9.65 कि.मी. के चौनेज 1200 से 2300 के मध्य सीमेंट कांक्रीट सड़क के कार्य में लोक निर्माण विभाग संभाग मंदसौर के प्रभारी ईई आदित्य सोनी के द्वारा अपने पदीय कर्तव्य का दुरुपयोग कर शासकीय अभिलेखों में जानबूझकर कांट छांट, ओवर राईटिंग कर एम-30 ग्रेड के स्थान पर एम-40 ग्रेड से ठेकेदार को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाकर राशि का भुगतान कर शासन को लाखों रुपयों की आर्थिक हानि पहुंचाई गई थी। इस मामले में गरोठ के सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार जगदीश अग्रवाल द्वारा राज्य शासन के साथ ही लोकायुक्त संगठन भोपाल ईओडब्ल्यु मुख्यालय भोपाल में भी शिकायत की गई थी।



# भीषण गर्मी में भी नागरिक कर रहे है जोश व उत्साह से श्रमदान

### शिवना शुद्धिकरण के अंतर्गत 28 वें दिन निकाली 9 ट्राली जलकुंभी व गाद

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रतिदिन शिवना तट पर आमजन पहुंचकर श्रमदान कर रहे है तथा शिवना नदी से गाद व जलकुंभी बाहर निकाल रहे है। भीषण गर्मी की तपन में भी श्रमदानियों का जोश कम नहीं हो रहा है। मंदसौर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर शिवना शुद्धिकरण अभियान में सहभागिता कर रहे है। अब तक 333 ट्राली जलकुंभी व गाद शिवना नदी से निकाली जा चुकी है।

28वें दिन बुधवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान में भाग लेकर श्रमदानियों ने नदी से 9 ट्राली जलकुंभी व गाद नदी से निकाली। इस अभियान में विधायक श्री विपिन जैन भी सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर 2 घण्टे श्रमदान कर रहे है। बुधवार को श्रमदान करने विधायक विपिन जैन, रक्तसेवा गौसेवा फाउण्डेशन के नागेश्वर मालवीय, पुष्कर पाटीदार, रामनारायण मालवीय, योगेश रावत, हरिओम पंवार, राकेश विश्वकर्मा, समाजसेवी मनीष भावसार, रामचन्द्र मालवीय, महेश दुबे, एम्ब्रोज वाल्टर, अमृत सौलंकी, नितनेस बसेर, अभिषेक तिवारी, भंवरलाल प्रजापत, घनश्याम भावसार, विजय आनंद, भीमसेन गंधर्व, महिला नेत्री इष्टा भाचावत, रफत पयामी, अनिता भदौरिया, सोनाली जैन, प्रमिला पंवार, गीताली पोरवाल, मिताली पोरवाल, शैली पोरवाल, रत्नप्रभा राणावत, ज्योति प्रजापत, मीना चौहान, दीपा दादवानी, वर्षा दोसरिया, कांग्रेजन तरूण खिची, विकास दशोरा, राजनारायण लाड़, राजेश फरक्या, रमेश सिंगार, विश्वास दुबे, अभिषेक पाटीदार, योगेश जोशी, साबिर इलेक्ट्रीशियन, संजय नाहर, अशोक राव, कैलाश कुमावत, मनोहर नाहटा, मुकेश यादव, राजेश चौधरी, अकरम भाई, गोपाल बंजारा, राजा भाई, ओमप्रकाश सूर्यवंशी मांडवी, रमेश ब्रिजवानी, अजय सोनी, मिथुन कटारिया, ऋषिराज लाड़, गणपत कुमावत, सादिक गौरी, शिवशंकर सौलंकी, डॉ. सोहनलाल धाकड़, दिव्यांश सौलंकी, मनोहर रत्नावत, गगन माली, शैलेष माली, पुष्कर सुनार्थी सहित बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। आज पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह करेंगे श्रमदान- मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि 1 मई से शुरू हुए शिवना शुद्धिकरण अभियान में सहभागिता करने के लिये आज 29 मई को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजयसिंह भी मंदसौर आ रहे है। श्री सिंह आज 29 मई को प्रात: 7 से 9 बजे तक हो रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदान करेंगे। इस दौरान विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपिन जैन सहित कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण सहित सामाजिक संगठन, समाजसेवी, मातृशक्ति, युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे।

# इंदौर में 100 रुपये या उससे अधिक मूल्य की अचल संपत्ति की नोटरी पर प्रतिबंध, आदेश जारी

**इंदौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** इंदौर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है, जिसके तहत इंदौर जिले में 100 रुपए या उससे अधिक मूल्य की अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय हेतु नोटरी कराना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह आदेश 28 मई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेगा।

आदेश के अनुसार, यह देखा गया है कि अनेक लोग संपत्ति की रजिस्ट्री न कराकर केवल नोटरी के माध्यम से ही सौदेबाज़ी कर लेते हैं, जिससे न केवल शासन को राजस्व हानि होती है, बल्कि आम जनता को भी बाद में गंभीर कानूनी और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार भोली-भाली जनता इस प्रक्रिया में फंस जाती है और उनके साथ धोखाधड़ी होती है। कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया है कि पंजीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 17 (1)(ल) के तहत 100 या उससे अधिक मूल्य की अचल संपत्ति की विधिवत रजिस्ट्री अनिवार्य है और नोटरी किए गए दस्तावेज़ों का कोई कानूनी अस्तित्व नहीं होता। इसके अलावा, ऐसी प्रक्रिया से अवैध कॉलोनियों को भी बढ़ावा मिलता है जिससे अधोसंरचना की कमी और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित नोटरी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी तथा उसका नोटरी लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की जाएगी। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है, क्योंकि इसे आम जनता के हित में लागू किया गया है और हर व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से सूचना देना संभव नहीं है। कोई भी व्यक्ति यदि इस आदेश के विरुद्ध आपत्ति या आवेदन देना चाहता है तो वह धारा 163 (5) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकता है।

# रतनगढ़ के जंगल में पहली बार दिखा भालू

### ग्वालियर कला में वन्य जीव की मौजूदगी से ग्रामीण सतर्क

**नीमच, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के रतनगढ़ वन मंडल परिक्षेत्र के ग्वालियर कला जंगल में मंगलवार शाम एक जंगली भालू का विचरण करते हुए वीडियो सामने आया है। भालू राजस्थान की बस्सी फॉरेस्ट सेंचुरी से जिले के वन क्षेत्र में प्रवेश करता हुआ दिखा। ट्रैक्टर पर सवार कुछ ग्रामीण आडावाला गांव के पास से गुजर रहे थे। उन्होंने भालू को देखा और ट्रैक्टर रोक दिया। एक ग्रामीण ने मोबाइल से भालू का वीडियो बना लिया। वन विभाग ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट कर दिया है। विभाग की टीम आसपास के गांवों में लोगों को सतर्क कर रही है।

ग्रामीणों को छोटे बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई है। रात के समय या जंगल की ओर अकेले न जाने की सलाह दी गई है। वन विभाग के एसडीओ दशरथ अखंड ने बताया कि बस्ती वन क्षेत्र से यह भालू नीमच जिले के जंगल में आ गया है। इस क्षेत्र में पहले कभी भालू की मौजूदगी नहीं रही है। भालू द्वारा अब तक किसी पर हमला या शिकार नहीं किया गया है।

# एक्सप्रेस वे पर पलटी बिहार एसओजी की गाड़ी

### दो जवानों की मौत, चार घायल, अपराधी पकड़ने गुजरात के गांधीधाम जा रहे थे

**मंदसौर/ रतलाम, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** बिहार (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) एसओजी की गाड़ी दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर रतलाम के निकट पलट गई। हादसे में एसटीएफ के दो जवानों की मौत हो गई। 04 पुलिस जवान घायल हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर होने की वजह से तुरंत इंदौर रेफर किया गया। शेष तीन घायलों को रतलाम मेडिकल हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद इन तीनों को भी इंदौर रेफर कर दिया गया। बिहार एसओजी की टीम किसी अपराधी को पकड़ने के लिये गुजरात जा रही थी।

रतलाम एसपी अमित कुमार ने बताया- बिहार एसटीएफ के जवान गया से स्कॉर्पियो में बैठकर एक अपराधी को पकड़ने गांधीधाम जा रहे थे। हादसे में जान गंवाने वाले 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर मुकुंद मुरारी बख्तियारपुर पटना के रहने वाले थे। मुकुंद 2015 में पटना जिला बल में सिपाही बने।



फिलहाल पटना एसओजी में पोस्टेड थे। वहीं, कॉन्स्टेबल विकास कुमार जहानाबाद के रहने वाले थे। हादसे में संतोष कुमार सब इंस्पेक्टर निवासी भागलपुर, मिथिलेश पासवान कॉन्स्टेबल निवासी कैमूरा, रंजन कुमार कॉन्स्टेबल निवासी नवादा, जीवधारी कुमार, कॉन्स्टेबल घायल हुए है।

## लकवाग्रस्त भाई को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** लकवाग्रस्त भाई के साथ मारपीट करने वाले भाई पर पुलिस ने केस दर्ज किया। बोरखेड़ी इंदौर निवासी नंदा बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं लकवाग्रस्त हु, खेती का बंटवारा 10 वर्ष पूर्व हो चुका है। मैं अपने खेत को हकंवा रहा था कि भाई विनोद आया और खेत हांकने से मना कर दिया, गाली-गलौज कर लकड़ी से पीटा, सिर पर लगने से खून निकलने लगा। पुलिस ने आरोपी विनोद पर केस दर्ज किया।

## जुआ खेलते व सट्टा अंक लिखते 5 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने जुआ खेलते व सट्टा अंक लिखते आरोपियों को पकड़ा। पिपलियामंडी पुलिस ने जुआ खेलते हुए बोतलगंज निवासी चांद पिता सादिक पेमला व सादिक पिता रसीद पीपी, जाफर उर्फ बाबू पिता जाकिर पीपी, दावतखेड़ी निवासी शहनवाज पिता आरिफ खलीफा को पकड़ा। आरोपियों से नकदी बरामद की। वहीं मल्हारगढ़ पुलिस ने सट्टा अंक लिखते सुनील पिता जगदीशचन्द अटवाल, निवासी अटवाल मोहल्ला मल्हारगढ़ को पकड़ा। आरोपी से नकदी व सट्टा उपकरण जब्त किए।



## पोलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 01 जुलाई

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर प्राचार्य शिव शंकर शर्मा द्वारा बताया गया कि शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में सत्र 2025-26 में संचालित ब्रांच कम्प्युटर साईस एण्ड इंजी., इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन इंजी., इलेक्ट्रिक इंजी. एवं मेकेनिक इंजी. में प्रवेश हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 01 जुलाई 2025 निर्धारित है। शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में प्रवेश हेतु कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी को निर्धारित प्रमाण पत्र जिसमें कक्षा 10 वीं की अंक सुची, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मुल निवासी प्रमाण पत्र,, आय प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साईज के दो फोटो लेकर शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में उपस्थित होकर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते है।

# एडीएम ने किया रामपुरा तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**नीमच, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़ द्वारा बुधवार को तहसील कार्यालय रामपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने तहसील न्यायालय में चल रहे प्रकरणों का अवलोकन किया और पुराने प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा सीमांकन प्रकरणों में गति लाने तथा प्रति तीन दिवस में पेशी तारीख लगाने के निर्देश दिए। कोर्ट रामपुर के राजस्वं प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत 52% से बढ़ाकर 60 करने के निर्देश भी दिए एडीएम द्वारा दिए गये। एडीएम ने लोकसेवा केन्द्र का भी निरीक्षण किया और वहा आए ग्रामीणजनों से चर्चा की उन्होयने ई-केवाइसी कार्य की प्रगति की जानकारी भी ली। इस मौके पर एसडीएम श्री पवन बारिया, तहसीलदार श्री राजेश सोनी भी उपस्थित थे।

# नारी सशक्तिकरण की दिशा में सामाजिक न्याय की भागीदारी

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा ऐसी महिलाएं जो आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें आर्थिक और सामाजिक संबल प्रदान कर नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रहा हैं। विभाग की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य नारी को सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। विशेष रूप से निर्धन परिवारों की कन्याओं और विधवा महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह सहायता योजना और मुख्यमंत्री कल्याणी (विधवा) विवाह सहायता योजना इसके सशक्त उदाहरण हैं।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की कन्याओं के विवाह के लिये 55,000 रूपये की सहायता राशि दी जाती है। इस योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 43,532 कन्याओं को लाभ मिला, जो सामाजिक सुरक्षा एवं नारी गरिमा को बढ़ावा देता है। मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना, विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह को सामाजिक स्वीकृति प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत 18 वर्ष या अधिक आयु की कल्याणियों को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2024-25 में 750 महिलाओं को इसका लाभ दिया गया। राज्य सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की कन्याओं के विवाह के साथ ही विपरीत परिस्थितियों में असमय विधवा हो चुकी महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के माध्यम से 600 रूपये प्रतिमाह पेंशन राशि प्रदान करती है। प्रदेश में 12 लाख से अधिक आयकर दाता रहित कल्याणी महिलाओं को सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही 40 वर्ष से कम उम्र की ऐसी महिलाएँ जिनका अपने पति से तलाक हो गया है उन्हें भी सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना में 600 रूपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। वर्तमान में 37 हजार महिलाएँ लाभांवित हो रही है। इतना ही नहीं राज्य सरकार ऐसे दम्पति जिनके केवल कन्या ही संतान है और वह आयकर दाता नहीं है। ऐसे दंपत्तियों को सामाजिक सुरक्षा कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 600 रूपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जा रही है। प्रदेश में सर्वाधिक 40 वर्ष उम्र की वीपीएल परिवार की 5लाख 46 हजार महिलाओं को 600 रूपये मासिक पेंशन प्रदान कर संबल प्रदान करने का काम किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं, बल्कि समाज में उन्हें एक सम्मानजनक स्थान भी प्राप्त हो रहा है। यह नारी सशक्तिकरण की दिशा में सामाजिक न्याय विभाग की दूरदर्शी सोच और संकल्प का प्रतीक है।

## महिला को पीटा, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में महिला के साथ मारपीट के मामले में तीन आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया। नई आबादी नेनोरा निवासी प्रकाशीबाई पति समरथ नायक ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का पवन पिता शम्भूलाल नायक, राहुल पिता शम्भूलाल नायक व बबलू पिता देवीलाल मेघवाल शराब के नशे में घर पर लट्ठ लेकर आए और बोले कि तेरे पति ने जेतपुरा शादी में हमें जीमने नही दिया। तीनों ने गाली-गलौज कर लट्ठ से मारा, जिससे कमर, हाथ पर चोंट आई। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 19 | 2065 | 2190 |
| उड़द | 7 | 4701 | 4701 |
| सोयाबीन | 6930 | 3360 | 4321 |
| गैहु | 10613 | 2390 | 2750 |
| चना | 306 | 4921 | 5551 |
| मसुर | 108 | 5501 | 6352 |
| धनिया | 258 | 5000 | 7202 |
| लहसुन | 17500 | 2500 | 9150 |
| मैथी | 1080 | 3651 | 5401 |
| मुंगफली | 712 | 3800 | 5180 |
| अलसी | 1563 | 6551 | 7201 |
| सरसो | 325 | 5720 | 6281 |
| तारामीरा | 42 | 5030 | 5101 |
| इसबगोल | 60 | 7300 | 10351 |
| प्याज | 1772 | 200 | 823 |
| कलोंजी | 28 | 19500 | 21452 |
| तुलसी बीज | 13 | 9500 | 13252 |
| डॉलर | 146 | 6000 | 9401 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| जौ | 5 | 2200 | 2382 |
| मटरसुखी | 8 | 2500 | 3490 |
| असालीया | 131 | 5721 | 6581 |
| चियाबीज | 140 | 9500 | 14400 |

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचायें और 25 हज़ार रूपये पायें

### ✻ गोल्डन ऑवर में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राह-वीर को मिलेगा इनाम ✻ राह-वीर योजना को लेकर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने जारी की गाइडलाइन ✻ मुख्यमंत्री डॉ. यादव के फैसले पर अमल शुरू

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गत केबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 'राह-वीर' योजना शुरू की गई है। योजना की गाईड लाईन जारी कर दी गई है। गाईड लाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (दुर्घटना से एक घंटे के भीतर का समय) में अस्पताल पहुंचाने वाले 'राह-वीर' को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा। इसके साथ ही चुने हुए 'राह-वीरों' में से सबसे योग्य 10 राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।



**'राह-वीर' के लिए पात्रता**–कोई भी व्यक्ति जो मोटर यान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर तत्परता से पहुँचाकर जान बचाता है ऐसे सभी व्यक्ति 'राह-वीर' योजना के लिए पात्र होंगे। गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है।

**कैसे चुने जाएंगे 'राह-वीर'**– कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा पुलिस थाना, अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इसकी प्रति संबंधित 'राह-वीर' को भी भेजी जाएगी। मूल्यांकन समिति में संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट, एसएसपी, सीएमएचओ, आरटीओ (परिवहन विभाग) शामिल होंगे। ये समिति मासिक आधार पर प्रस्तावों की समीक्षा कर उन्हें मंजूरी देगी। चुने हुए राह वीर को राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा सीधे बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया जाएगा। राज्य स्तर पर इसकी निगरानी के लिए प्रमुख सचिव (गृह) की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाएगी। जो हर तीन महीने में योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। योजना 21 अप्रैल 2025 से प्रभावशील है। 'राह-वीर' की जानकारी केवल अवार्ड प्रदाय के लिए उपयोग की जाएगी, अन्य किसी कार्य के लिए नहीं। एक 'राह-वीर' को वर्षभर में अधिकतम 5 प्रकरणों में अवार्ड दिया जा सकेगा। इस योजना के तहत दिए जाने वाले सम्मान की राशि परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी।



## मिनी ट्रक से कंट्रोल का चावल जप्त

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाने की कचनारा चौकी पुलिस ने मिनी ट्रक से कंट्रोल का चावल बरामद किया हैं। प्रारंभिक तौर पर 40 कट्टे ट्रक से जप्त होने की जानकारी सामने आ रही है। मामले में पुलिस द्वारा ट्रक जप्त करने के बाद खाद्य आपूर्ति विभाग जांच करेगा।

पीडीएस प्रणाली में गरीबों के लिए गेहूं और चावल शासन द्वारा दिए जाते है। लेकिन, गरीबों की थाली तक पहुंचने वाला चावल कई बार खुले बाजार में मिल चूका है। इस बार कचनारा में मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 09 जीएफ 2644 से पुलिस ने चावल से भरे कट्टे बरामद कर ट्रक को जप्ती में लिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक तौर पर जप्ती में लिया गया चावल पीडीएस प्रणाली का ही प्रतित हो रहा है। हालांकि पूरे मामले की जांच प्रशासन का राजस्व विभाग और खाद्य विभाग करेगा इसके बाद ही साफ हो पाऐगा कि चावल कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था। फिलहाल पुलिस ने चावल समेत ट्रक को जप्ती में लिया है।

# अनेक पटवारी तनाव में...

## अब गृह तहसील में नहीं रहेंगे पदस्थ, होम सब डिवीजन से हटाए जाएंगे आरआई

**मंदसौर, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले सहित प्रदेश में कई पटवारी गृह तहसील में ही जमे हुए है। लंबे समय से एक ही जगह पर नौकरी कर रहे हैं। अब तबादला नीति की जद में राजस्व अमला भी आ गया है। जिसमें पटवारी सहित राजस्व निरीक्षक भी शामिल है।

पटवारियों को गृह तहसील से हटाने के फैसले के बाद अब राजस्व विभाग ने कलेक्टरों से कहा है कि अगर कोई राजस्व निरीक्षक अपने गृह क्षेत्र के राजस्व अनुभाग (एसडीएम क्षेत्र) में पदस्थ है तो उसे भी हटाया जाएगा। इसलिए पटवारियों का तबादला करने के साथ राजस्व निरीक्षकों को भी स्थानांतरित करने की कार्यवाही की जाए। इस पर 29 अप्रेल को जारी तबादला नीति के आधार पर ही कार्यवाही की जाना है।

### राजस्व निरीक्षकों पर लागू होगी पटवारी संविलियन की यह शर्तें...

✻ जिस जिले में संविलयन चाहा गया है, उस जिले में संबंधित वर्ग के रिक्त पद उपलब्ध होने की स्थिति में ही संविलयन किया जाएगा। ✻ आरक्षण के प्रावधानों एवं जिला आरक्षण रोस्टर के परिपालन में ही संविलयन किया जा सकेगा। ✻ आदेश जारी होने के 15 दिन के भीतर पटवारी को संविलयन किए गए जिले में उपस्थिति देनी होगी। ✻ जिले के अंदर पदस्थापना जिला कलेक्टर द्वारा की जाएगी। परंतु किसी भी पटवारी को उसके गृह तहसील में पदस्थ नहीं किया जाएगा। ✻ संविलियन आदेश में किसी भी प्रकार के संशोधन की अनुमति नहीं होगी। ✻ संविलियन पर एक बार जिला आवंटित हो जाने पर पुन: जिला परिवर्तन की पात्रता नहीं होगी। ✻ प्रशासनिक कारणों से किए गए संविलियन में ही पटवारी द्वारा नए जिले में पदभार ग्रहण करने पर उस जिले की संधारित सूची में पटवारी की वरिष्ठता की गणना उसकी संवर्ग में प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाएगी।

आयुक्त भू अभिलेख कार्यालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि 28 अक्टूबर 2024 को जारी निर्देश में पटवारियों के गृह तहसील में पदस्थ होने को लेकर कलेक्टरों से जानकारी चाही गई थी। अब पिछले माह 29 अप्रेल को जारी राज्य शासन की तबादला नीति पर अमल किया जाना है। इसलिए अगर कोई पटवारी गृह तहसील और राजस्व निरीक्षक गृह अनुभाग (एसडीएम सर्कल) में पदस्थ है तो पटवारियों की संविलयन और स्थानांतरण नीति के आधार पर राजस्व निरीक्षक भी स्थानांतरित किए जाए। यह आदेश शासन द्वारा तय तबादला अवधि के भीतर जारी किए जाएंगे।



## सरवानिया में 17 बीघा सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया

**नीमच, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सरवानिया महाराज क्षेत्र में जावी रोड स्थित खेड़ापति बालाजी मंदिर के पास से अवैध कब्जा हटाया गया है। बुधवार को प्रशासन ने 17 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करवाया है। इस भूमि की बाजार कीमत करीब 08 करोड़ रुपए है। जानकारी के मुताबिक, हकीम और तालिम हुसैन पिता अल्लानूर मंसूरी, सागरमल पिता मोहनलाल पाल और मोहनलाल पिता भेरूलाल तेली ने इस भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया था। बुधवार सुबह 05 बजे एसडीएम प्रीति संघवी तहसीलदार नवीन गर्ग, थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, चौकी प्रभारी श्याम कुमावत और मुख्य नगरपालिका अधिकारी अब्दुल रऊफ़ खान के साथ मौके पर पहुंचीं।इस दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी और करीब 150 पुलिसकर्मी भी टीम में शामिल थे। प्रशासन ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे खाली करवाया। साथ ही अतिक्रमण रोकने के लिए भूमि पर गहरी खाई खोद दी। जिला प्रशासन ने कहा कि शासकीय भूमि पर कोई अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## गाय को करंट लगा, बचाने गए किसान की मौत

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, कहा- बिजली कंपनी से शिकायत की थी लेकिन, ध्यान नहीं दिया

**मनासा, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** मनासा थाना क्षेत्र के बामणी लुमड़ी में बिजली कंपनी की लापरवाही से एक व्यक्ति और गाय की मौत हो गई। मंगलवार देर शाम की घटना में जीवराज गुर्जर उम्र 45 वर्ष अपनी गाय को चरा रहे थे। इसी दौरान टूटी हुई बिजली की लाइन की चपेट में गाय आ गई। गाय को बचाने गए जीवराज भी करंट की चपेट में आ गए।

जीवराज मूल रूप से नवलपुरा के रहने वाले थे। वे पिछले कुछ समय से बामणी लुमड़ी में रहकर पशुपालन और दूध का व्यवसाय कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने शव को 108 एंबुलेंस से मनासा के मंडी गेट नीमच नाके पर ले जाकर चक्काजाम कर दिया। थाना प्रभारी शिव रघुवंशी ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 3-4 दिनों से आंधी-तूफान के कारण बिजली का तार टूटा था। इसमें करंट चालू था। कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। इधर, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर के बाहर सो रहे व्यक्ति को वाहन ने कुचला, मौत

**सुवासरा, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** घर के बाहर सो रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना का पता लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के मुताबिक यह दर्दनाक हादसा बिती रात सुवासरा के वार्ड क्रमांक 15 नई आबादी क्षेत्र में हुआ। जहां घर के बाहर पलंग लगाकर राघुलाल नाम का व्यक्ति सो रहा था, पेशे से हम्माली करने वाले राघुलाल को रात में सोते समय अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच कर रहीं है।

## एक्सप्रेस -वे पर पलटी खाया ट्रक

**गरोठ, 28 मई गुरु एक्सप्रेस।** एट लेन एक्सप्रेस-वे पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। बुधवार की सुबह एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। हालांकि इस घटना में किसी तरह की जनहानी होने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि 14 पहिया ट्राला पूरी तरह से भरा हुआ था। यह सुबह करीब साढ़े पांच बजे अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। घटना की खबर मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। उल्लेखनीय है कि एक्सप्रेस वे पर लगातार हादसे हो रहे है, जिसमें कई लोगों की जान भी अब तक जा चूकी है।


**नाम परिवर्तन जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ रुस्तम खां पिता मंजूर खां ने अपने अवयस्क पुत्र यशान्त (YASHANT) का नाम बदलकर नया नाम एहसान खान (EHSAN KHAN) कर लिया है। अत: भविष्य में मेरे अवयस्क पुत्र यशान्त (YASHANT) को उसके नए नाम एहसान खान (EHSAN KHAN) के नाम जाना एवं पहचाना जावे। जो सर्व जन व आमजन सूचित हो।

पुराना नाम YASHANT — नया नाम EHSAN KHAN

भवदीय
रुस्तम खां पिता मंजूर खां
निवासी- सेमलियाहीरा तह. दलौदा, जिला-मंदसौर

















स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in